

नवभारत
ग्वालियर रविवार 26 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में



### नशे में हूटर बजाकर रौब दिखाना पड़ा भारी

**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** शराब के नशे में हूटर बजाते हुए रौब दिखाना एक वाहन चालक को काफी भारी पड़ गया। क्योंकि ट्रैफिक पुलिस द्वारा उसको पकड़कर कोर्ट चालान काटा गया। वहीं न्यायालय ने उस पर 10500 रुपए का जुर्माना लगाया है। दरअसल गोला का मंदिर यातायात थाना प्रभारी अभिषेक रघुवंशी थाने की टीम के साथ गोला का मंदिर चौराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान वाहन क्रमांक एमपी 06 सीए 6295 का चालक हूटर बजाते हुए तेज रफ्तार में रेलवे स्टेशन की तरफ निकल गया। यह देख ट्रैफिक थाना प्रभारी तुरंत थाने की मोबाइल से उसके पीछे लग गए। यातायात पुलिस द्वारा एमआईटीएस कॉलेज गेट के सामने उक्त वाहन को रुकवा कर पकड़ लिया गया। जिसका न्यायालय द्वारा 10500 रुपए का चालान किया गया। उधर बिना परमिट एवं बगैर फिटनेस के दौड़ रही स्कूल बस को भी जब्त कर गोला का मंदिर यातायात थाने में रखवाया गया है, जिसे चालान निराकरण हेतु न्यायालय में पेश किया जाएगा।



### उर्स मेले में सजी ख्वाजा खानून की छह सौ साल पुरानी गद्दी

ग्वालियर गरीब नवाज हजरत ख्वाजा खानून साहब के 507 वें उर्स शरीफ में गत दिवस गद्दी की खास मेहफिल हुई। रूहानी नजरिए से यह उर्स का सबसे खास दिन माना जाता है। इस रोज दरगाह के समाखाने में ख्वाजा खानून साहब की छै सौ साल पुरानी गद्दी सजाई जाती है। मान्यता है कि इस रोज जो सच्चे मन से हाजरी लगाते हैं उनकी मुरादें जरूर पूरी होती हैं। गद्दी की वं मेहफिल में सज्जादानशीन । हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी साहब अपनी परम्परागत पोशाक में समाखाने में सजी गद्दी पर विराजे। इस मौके पर हैदराबाद तेलंगाना से तशरीफ़ लाए कुल हिन्द मरकजी मजलिस अहले सुन्नत उल जमात के नायब सदर जनाव मौहम्मद मुजीब कादरी साहब, उज्जैन से तशरीफ़ लाए जनाब सूफी आरिफ रिजबी साहेब, और स्थानीय आस्थानों के गद्दी नशीन विशेष रूप से मौजूद रहे। कब्बाली की मजलिस का आगाज दरगाह कब्बाल चौकी जनाब सलीम झंकार और फरीद कब्बाल पार्टियों ने परम्परागत कौल पेश कर किया। इसके बाद देर शाम तक कब्बाल पार्टी मौहम्मद अशफाक, मौहम्मद फरीद बच्चा पार्टी, मौहम्मद अली, उम्र मासूमी, मक़बूल साबरी, भोलू भाई, एजाज दराज की पगड़ी वन्द कब्बाली की मजलिस के बाद खानूनी और चादर पेश हुई मासूमी यूसुफ नियाजी, फरीद खानूनी और सलीम झंकार पार्टी ने अपने कलाम पेश किए। सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी साहब की विशेष तकसीम दुआ के बाद चादर क पेश की गई। आखिर म में ख्वाजा साहब में की पसंद परम्परागत मि बेसनी रोटी और खिचड़ी का तबर्रुक ले किया गया। ख्वाजा साहब के उर्स के सातवें दिन आज 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से ख्वाजा साहब की गद्दी लगेगी और कब्बाली की मजलिस होगी। अकीदतमंदों से शिरकत करने की गुजारिश है।

### भाजपा का दीपावली मिलन समारोह आज

ग्वालियर 25 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 26 अक्टूबर को शाम 5 :00 बजे, द ग्रैंड कैसल रिसोर्ट, सनसिटी रोड़ में आयोजित होगा। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने बताया कि भाजपा ग्वालियर महानगर का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 26 अक्टूबर को सायंकाल 5 .00 बजे द ग्रैंड कैसल रिसोर्ट, सनसिटी रोड़ पर आयोजित होगा। दीपावली मिलन के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर लक्ष्मीजी की महाआरती भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में भाजपा के समस्त कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### झाँसी-इन्दौर/रतलाम लिंक एक्सप्रेस को पुन: प्रारम्भ करने की मांग

ग्वालियर, 25 अक्टूबर । ग्वालियर/भिण्ड-रतलाम एक्सप्रेस ट्रेन में 'कोरोना महामारी' के पूर्व झाँसी से लिंक ट्रेन के कोच शामिल कर संचालन किया जा रहा था, जो कि झाँसी - इटावा ट्रेन में जुड़कर ग्वालियर आते थे और ग्वालियर आने के पश्चात ग्वालियर-रतलाम इन्टरसिटी एक्सप्रेस में जुड़कर विगत काफी वर्ष से संचालित किए जा रहे थे । अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने अवगत कराया है कि उपरोक्त लिंक ट्रेन का संचालन बंद होने से दतिया व डबरा के यात्रियों को शिवपुरी, गुना, उज्जैन व इन्दौर की यात्रा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनके सम्मुख इन्दौर आवागमन हेतु एकमात्र यात्री गाड़ी 'मालवा एक्सप्रेस' है, जिसमें रिजर्वेशन मिलना काफी मुश्किल होता है । ज्ञात रहे चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा ग्वालियर अंचल के यात्रियों की परेशानी को देखते हुए, तत्संबंध में एक पत्र केन्द्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रेषित किया था । उक्त पत्र को सिंधिया ने अत्यन्त गंभीरता से लेते हुए, केन्द्रीय रेलमंत्री को पत्र अग्रेशित कर, इस संबंध में उचित कार्यवाही हेतु आशा व्यक्त की है ।

# दो स्थानों से तीन कार्बाइड गन जब्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** इस बार दीपावली पर आंखों के लिए आफत बनकर आई कार्बाइड गन के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। कार्बाइड गन से आंखों की रोशनी जाने के बाद इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन अभी भी कुछ लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। इन लोगों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने जगह-जगह मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया है। ग्वालियर थाना क्षेत्र में मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए तीन कार्बाइड गन को जब्त किया है। ग्वालियर पुलिस को सूचना मिली थी कि चार शहर का नाका पर एक व्यक्ति के पास कार्बाइड गन देखी गई है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए वहां घेराबंदी की। बताया गया है कि आस-पास रहने वालों ने भी इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस घेराबंदी करके खड़ी थी, उसी समय हीरालाल झा पुत्र मनीपाल झा हाथ में दो कार्बाइड गन लेकर नजर आ गया। हीरालाल कार्बाइड गन चलाता उससे पहले ही पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया और थाने ले आई। पुलिस ने दूसरी कार्रवाई लधेड़ी क्षेत्र में की। लधेड़ी में आम रोड पर रात 11 बजे के बाद डालचंद बाथम उर्फ डालू पुत्र

सीताराम बाथम कार्बाइड गन लेकर उसे चलाने के लिए आया। डालचंद कार्बाइड गन चलाता उससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस कार्बाइड गन के साथ पकड़े गए दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है कि उन्होंने गन कहां से खरीदी या कहीं ऑनलाइन तो नहीं मंगाई।

**कार्बाइड गन के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज**

**आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज होगा**

कार्बाइड गन से प्रदेशभर में मचे हाहाकार के बाद इसके उपयोग को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। आला अफसरों ने कह दिया है कि जिसके पास भी यह कार्बाइड गन मिलेगी या पकड़ी जाएगी उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम होगा। मतलब साफ है कि कार्बाइड गन अब कोई खिलौने की श्रेणी में नहीं है बल्कि घातक हथियार के रूप में मानी जाएगी और उसका उपयोग करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी।

# आतिशबाजी की दुकानें हटीं, छोड़ गए गंदगी

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** दीपावली पर ग्वालियर व्यापार मेले में लगा आतिशबाजी मेला खत्म हो चुका है, लेकिन पीछे वहां पर गंदगी का अंबार बचा हुआ है। पूरे परिसर में पॉलीथिन बिखरी हुई हैं। हवा के साथ यह पॉलीथिन उड़कर पूरे मेला परिसर एवं सड़कों पर पहुंच रही हैं। 20 अक्टूबर को दीपावली थी, 22 अक्टूबर को आतिशबाजी मेला समाप्त हो गया था, लेकिन 25 अक्टूबर तक आतिशबाजी मेले के पीछे छूटी गंदगी को साफ नहीं किया गया है।

आतिशबाजी मेले में बेचे गए पटाखों के बाद वहां पर छूटी पॉलीथिन एवं अन्य गंदगी पसरी हुई है। पूरे मेले के दौरान स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा गया। वहीं नगर निगम के द्वारा भी मेला खत्म होने के बाद परिसर की सफाई नहीं कराई गई। इसके कारण पूरे क्षेत्र में गदंगी के ढेर लगे हुए हैं।

**स्वच्छता का नहीं रखा ध्यान-** दीपावली पर लगने वाले आतिशबाजी मेले में स्वच्छता का जरा भी ध्यान नहीं रखा गया, दुकानदारों ने अपने पास डस्टबिन नहीं रखे जिसमें वह कचरा एकत्रित कर टिपर वाहन को दे सकें।

**इनका कहना है**

मेला परिसर की सफाई कराई जाएगी, इसके लिए वहां पर दलेल लगाकर सफाई मित्रों को लगाया जाएगा जिससे पूरा क्षेत्र साफ हो सके।

**डॉ. वैभव श्रीवास्तव**
**मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी**
**नगर निगम**

## तानसेन नगर केन्द्र की संचालिका राजयोगिनी सुधा दीदी नहीं रहीं



**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** दुनिया में समय प्रति समय कुछ ऐसे दिव्य, महान, तपस्वी, महान प्रतिभाशाली व्यक्तित्व जन्म लेते हैं, जिनका जीवन चरित्र, हमेशा दूसरों को प्रेरणा देने वाला, त्याग, तपस्या और समर्पण की भावना से परिपूर्ण होता है। ऐसी ही महान विभूति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ग्वालियर तानसेन नगर केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा दीदी का निधन हो गया है. बचपन से ही दीदी का आध्यात्म से लगाव था, माता-पिता के साथ धार्मिक कार्यो में रुचि ही आपको सेवा के क्षेत्र में ले आई।

## गोली जैसी तेज आवाज निकालने वाले वाहनों का किया चालान

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** धर्मवीर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीमती अनु बेनिवाल के नेतृत्व में एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजीत सिंह चौहान के मार्ग दर्शन में शहर में बढ रहे ध्वनि प्रदूषण एवं यातायात नियमो का उल्लंघन करने की लगातार शिकायत मिलने पर आज कम्पू थाना क्षेत्र के आमखो-तिराहा पर चैकिंग लगाकर दो पहिया वाहनो (बुलट) में साइलेसरो को मोडीफाई कराकर गोली जैसी तेज आवाज निकालकर वाहन को चलाने वाले चालको के विरूध्द मुहिम चलाई गई । आमखो-तिराहा पर चैकिंग लगाकर की गई कार्यवाही में कई चालक अपने दो-पहिया वाहनो (बुलट) में साइलेंसर को मोडीफाई कराकर गोली जैसी तेज आवाज निकालकर चलाते पाये गये जिन्हे जप्त कर थाना पर रखा गया है एवं उक्त वाहन चालको के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओ में 07 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई एवं कुल 7000 हजार रुपए की राशि अधिरोपित कर जमा कराई गई । इस कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी यातायात कम्पू धनंजय शर्मा ,सूबेदार राधाबल्लभ गुर्जर, सूबेदार प्रबल यादव, उनि आर.के भगत एवं थाना यातायात से अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईटीएम में 'सूचना का अधिकार : विचार, संवाद एवं मंथन' विषय पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा संरक्षक इकाई न्याय मित्रम एवं प्रो-बोनो क्लब द्वारा 'सूचना का अधिकार: विचार, संवाद एवं मंथन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के सिथौली परिसर स्थित रामानुजन ब्लॉक में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वंदना गांधी (आयुक्त, सूचना का अधिकार आयोग, भोपाल) और शिखा छिब्बर मास्टर ट्रेनर के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय, स्कूल ऑफ लॉ की डीन प्रोफेसर डॉ. शोभा भारद्वाज, सीनियर प्रोफेसर डॉ. वीके श्रोत्रिय, कार्यशाला संयोजक और असिस्टेंट प्रोफेसर अंकुर श्रोत्रिय, असिस्टेंट प्रोफेसर हृदेश चतुर्वेदी, देवव्रत सिंह, कौशल शर्मा, रितांशा सिंघल, नेहा चोथवानी सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि वंदना गांधी ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम नागरिकों को शासन की कार्यप्रणाली में भागीदार बनाता है और लोकतंत्र को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब नागरिक जागरूक होते हैं और सूचनाओं की मांग करते हैं तो शासन अधिक पारदर्शी और जवाबदेही बनता है।

इससे पहले कार्यशाला का शुभारंभ में वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने विधि शिक्षा की भूमिका पर बल दिया जो छात्र-छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायता करती है।

वहीं प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्र-छात्राओं में न केवल विधिक ज्ञान बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी सजग बनाती हैं।

कार्यशाला में स्कूल ऑफ लॉ की डीन प्रोफेसर डॉ. शोभा भारद्वाज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार लोकतंत्र के स्तंभों को मजबूत करता है और नागरिकों को शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम प्रदान करता है। वहीं इस सत्र के समापन पर अभार प्रदर्शन असिस्टेंट प्रोफेसर अंकुर श्रोत्रिय द्वारा किया गया।

कार्यशाला में प्राविधिक सत्र का आयोजन भी किया गया। जहां मास्टर ट्रेनर शिखा छिब्बर ने 'आरटीआई क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम: हाउ टू राइट एंड फाइल एन एप्लीकेशन फोर आरटीआई' विषय पर प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने आरटीआई आवेदन तैयार करने की विधि, कानूनी ढांचा एवं प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों और प्रस्तुतकर्ताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

### प्रधानमंत्री के मन की बात आज

**ग्वालियर 25 अक्टूबर** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के मासिक रेडियो मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 26 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे होगा। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर में मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथ केन्द्रों पर देखा व सुना जाएगा। वहीं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ग्वालियर विधानसभा में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर मंडल के बूथ क्रमांक 267 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे।

## पेंशनर्स महासंघ के अयोध्या राष्ट्रीय अधिवेशन की पंजीयन तिथि 31 तक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन 21 एवं 22 दिसंबर को अयोध्या उत्तर प्रदेश में होगा जिसमें पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के साथ मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की विभाजन धारा 49 (6) को समाप्त कराने पर भी विचार करते हुए प्रस्ताव पास कराया जाएगा । यह जानकारी आर एस तरेटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी । श्री तरेटिया ने बताया कि इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्यनाथ योगी को आमंत्रित किया गया है , अधिवेशन में 15 राज्यों से लगभग 1000 से अधिक पेंशनर्स भाग लेंगे। मध्य प्रदेश से अभी तक 50 पेंशनर्स ने सहभागिता हेतु पंजीयन करा लिया हे , अधिवेशन में राष्ट्रीय , प्रदेश एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों का जाना अनिवार्य हे । श्री तरेटिया ने यह बताया कि जो भी पेंशनर साथी इस अधिवेशन में भाग लेना चाहते हैं वह 30 अक्टूबर तक अनिवार्यत: कार्यालय परसराम छात्रावास पुराना लेवर कोर्ट फूलबाग ग्वालियर पर शाम 04 बजे से 07 बजे तक सहभागिता राशि रुपए 3000 जमा कर अपना पंजीयन करा सकते हैं अथवा फोन पे या गूगल पे के माध्यम से मोबाइल क्रमांक 9425700127 पर भी जमा कर पंजीयन करा सकते हैं स्क्रीन शॉट मोबाइल क्रमांक 9243293413 पर भेजें । इसके बाद पंजीयन संभव नहीं हो सकेगा।

## बीएसएनएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 से

**ग्वालियर 25 अक्टूबर.** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनायेगा। यह सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। बीएसएनएल के उपमंडल अभियंता (सतर्कता) उमेश कुमार आर्य ने बताया कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी बीएसएनएल के निर्देश पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ 27 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे बीएसएनएल कार्यालय में प्रधान महाप्रबंधक राजेश कुमार करेंगे। इस मौके पर वह अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता की शपथ दिलायेंगे। सतर्कता सप्ताह में प्रत्येक दिन विभिन्न आयोजन भी होंगे। जिसमे कार्यशाला से लेकर विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित होंगे। उपमंडल अधिकारी उमेश कुमार आर्य के अनुसार सतर्कता सप्ताह का उद्देश्य कर्मचारियों में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जबाबदेही की भावना को सशक्त बनाना हैं।




















